## सार-समाचार

### बोर्ड परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया

**रामगंजमंडी,** (निसं)। मंगलम विद्या विहार मोड़क द्वारा शनिवार को कक्षा 10वीं में प्रथम रही समृद्धि शर्मा (94.20 प्रतिशत), आदरिजा उपाध्याय (92.60 प्रतिशत) तथा तृतीय स्थान पर रहे यथार्थ साँखला (92.20 प्रतिशत) एवं 12वीं बोर्ड वाणिज्य वर्ग में प्रथम रही पिंगक्षा जोशी (93 प्रतिशत), द्वितीय रिद्धिमा संघवी (91.20 प्रतिशत) व तृतीय स्थान पर रही नुपुर गुप्ता (87.40 प्रतिशत) व विज्ञान वर्ग में प्रथम रही भव्यता गर्ग (89 प्रतिशत), द्वितीय शार्दुल खंडेलवाल (84.60 प्रतिशत) तथा तृतीय स्थान पर रहे शिवम गुप्ता (84.40 प्रतिशत) का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि अच्छे संस्कार, विनम्रता और सभी के प्रति सम्मान का भाव ही व्यक्ति को जीवन में वास्तविक ऊँचाइयों तक पहुँचाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव नम्र बने रहने, अपने माता-पित्ङा एवं गुरुओं का सम्मान करने तथा निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### फुटबॉल मैच का आयोजन

**रावतभाटा,** (निसं)। न्यूक्लियर फ्रेंड्स फुटबॉल क्लब रावतभाटा के तत्वावधान में आगामी 17 मई रविवार को एक विशेष अंडर-17 बॉयज मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। यह मुकाबला स्थानीय मानव मंदिर फुटबॉल मैदान पर शाम 5 बजे से खेला जाएगा। न्यूक्लियर फ्रेंड्स फुटबॉल क्लब के सचिव अमर सिंह और अध्यक्ष अनिल बलसोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मैत्री मैच प्राइम कीक फुटबॉल क्लब, कोटा और मेजबान न्यूक्लियर फ्रेंड्स फुटबॉल क्लब, रावतभाटा की अंडर-17 टीमों के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों में क्षेत्र की बेहतरीन युवा प्रतिभाएं शामिल हैं, जिससे एक कड़े और रोमांचक मुकाबले की उम्मीद जताई जा रही है। इस मैत्री मैच को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य जूनियर वर्ग के छात्र-खिलाड़ियों को मैच प्रैक्टिस खेल का व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना है। मैदान पर लाइव मैच खेलने से युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपनी कमियों को सुधार कर अपने खेल कौशल को और अधिक निखार सकेंगे। इस खेल आयोजन को लेकर स्थानीय फुटबॉल प्रेमियों और दोनों क्लबों के खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। क्लब प्रबंधन ने सभी खेल प्रेमियों से रविवार शाम को मैदान पर पहुँचकर युवा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की है।

### चोरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली

**छबड़ा** (निसं)। नगर में एक माह पूर्व हुई बड़ी चोरी के मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली है। पुलिस चोरों का सुराग लगाने में विफल दिखाई पड़ रही है। कुशवाह मन्दिर के समीप निवासी प्रेमनारायण उर्फ राजू ने बताया कि वह परिवार सहित गत 17 अप्रैल को कोटा पारिवारिक शादी में गए हुए थे। वे जैसे घर पहुंचे तो कमरे में रखी अलमारी खुली हुई थी। यहां से चोर दो सोने की अंगूठी, एक सोने का टिकला, सोने की टॉप्स, चांदी व सोने की चूड़ी, सोने की नाक की नथ, दो लोंग, चांदी की पायजेब और कमरबंध, चैन आदि आभूषण सहित 60 हजार की नगदी चोरी कर ले गए। इस अलमारी में जिस लॉकर में नगदी व आभूषण रखे थे, चोरों ने सिर्फ उसे ही खंगाला बाकी सभी सामान यथावत थे। पीड़ित ने थाने में परिवाद देकर मामले का पर्दाफाश करने की मांग की गई थी। किंतु एक माह गुजरने के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नही पहुंच सकी है। पीड़ित ने पुलिस से शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामदगी की मांग की है।

### शनि अमावस्या व शनि जयंती मनाई

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा उपखंड क्षेत्र में शनि अमावस्या व शनि जयंती का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्येष्ठ मास की अमावस्या के पावन योग में शनिवार को पूरे रावतभाटा शहर में श्रद्धा, भक्ति के साथ शनि जयंती मनायी गई। इस महापर्व को लेकर स्थानीय शनि मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शनि जयंती के उपलक्ष्य में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला तैयार की गई है। इसके तहत प्रातः भगवान श्री शनिदेव महाराज का सरसों के तेल से महाभिषेक किया गया। महाभिषेक का दौर दिनभर अनवरत रूप से चलता रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर तेल अर्पित किया। इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर की कायापलट की गई है। पूरे परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों, सुंदर फूलों और आकर्षक गुब्बारों से बेहद भव्य तरीके से सजाया गया है। भक्तों के दर्शनार्थ भगवान शनिदेव की एक अत्यंत मनोहारी और अलौकिक झांकी सजाई गई। कथा, पूजन और अभिषेक के बाद, संध्याकाल भगवान शनिदेव की भव्य महाआरती उतारी गई। आरती की पूर्णाहुति के बाद उपस्थित सभी भक्तों और राहगीरों के बीच विशेष महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### छबड़ा क्षेत्र में दो सड़क निर्माण कार्य की मिली स्वीकृति : सिंघवी

**छबड़ा** (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी के प्रयासों से छबड़ा क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य की अंतिम स्वीकृति मिली है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुविधा को बेहतर बनाने एवं आमजन की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए इन कार्यों की स्वीकृति दिलाई गई है। स्वीकृत कार्यों में संपर्क सड़क सीजन्या की लंबाई तीन किलोमीटर एवं लागत 360.00 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसी प्रकार पाली से नवाबपुरा सड़क लंबाई 2.60 किलोमीटर तथा लागत 241.00 लाख रुपये स्वीकृत हुई है। दोनों कार्यों की अंतिम स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया जारी है। इन कार्यों की निविदाएं 20 मई तक आमंत्रित किए जाने की संभावना है। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छबड़ा विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

### व्यापारी ने लुटेरे को दबोचा

**भवानीमंडी,** (निसं)। नेहरू पार्क स्थित एक बांस-बल्ली की दुकान पर शनिवार सुबह व्यापारी पर जानलेवा हमला कर चेन स्नेचिंग का प्रयास किया गया। जानकारी अनुसार आरोपी निर्मल मीणा उर्फ मुन्ना ने अर्थी के लिए बांस मांगने के बहाने दुकान में प्रवेश किया और व्यापारी नवीन पिरोदिया पर लठ से ताबड़तोड़ तीन वार कर दिए। हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद व्यापारी ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। इसी दौरान आरोपी ने चाकू दिखाकर डराने का प्रयास किया तथा सोने की चेन खींचने की कोशिश की, लेकिन छीना-झपटी में चेन नीचे गिर गई। शोर सुनकर पहुंचे पुत्र अक्षय पिरोदिया ने पिता के साथ मिलकर आरोपी को दबोच लिया। सूचना पर भवानीमंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। घायल व्यापारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके सिर में तीन टांके आए। थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ने घटनास्थल का मुआयना कर बताया कि मामले की जांच जारी है।

### अभियान के तहत परिंडे बांधे

**कोटा,** (निसं)। शनिवार को संकल्प चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दादाबाड़ी के रैंडिल पार्क में बेजुबान पक्षियों को इस भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए परिंडे बांधे गए। कार्यक्रम का संयोजन मुख्य रुप से उर्मिला हाड़ा, रेखा शर्मा एवं मीता बब्बर ने किया। ट्रस्ट के शरण जीत सिंह ने बताया कि पक्षियों के लिए यह व्यवस्था हर वर्ष अनेक स्थानों पर की जाती है। इस अभियान में मुख्य रुप से शिवचरण खण्डेलवाल, अशोक जिंदल, हनुमान प्रसाद शर्मा, कैलाश गौतम, राकेश शर्मा, आर के विजय, राजकुमारी भाटिया, रुचि मलिक, संध्या गोयल, मनीषा मित्तल, बलराम दासवानी, चेतनी, मधु जैन, बैबी, मीतू, चंदा, अपूर्वा, मधु पंजाबी, विजय लक्ष्मी, दीप्ति शर्मा, अनिला, भावना, राजेश बुद्धराजा, जे पी झा आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में मीता बब्बर, रेखा शर्मा एवं नयन कालरा ने सभी का धन्यवाद दिया।


### मंदिरों में शनि जयंती मनाई

**कोटा,** (निसं)। शनि जन्मोत्सव पर शनिवार को मंदिरो में शनि जयंति मनाई गई, मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। उसी के तहत स्टेशन क्षेत्र स्थित श्रीराम मंदिर प्रबंधक समिति की ओर से श्रीराम मंदिर में आचार्य पंडित रामबाबू के सानिध्य में मंदिर समिति द्वारा शनि जन्मोत्सव पर शनि जयंती मनाई गई। श्रीराम मंदिर समिति के उपाध्यक्ष हरि कुमार शर्मा ने बताया कि शनि महाराज की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# अपनी प्राचीन परंपराओं के अनुसार ही चलना चाहता है किन्नर समाज, समझौते को लेकर असहमति

**कोटा,** (निसं)। किन्नर समाज अपनी प्राचीन परंपराओं के अनुसार ही चलना चाहता है। शहर में उनके नेक और समय निर्धारण को लेकर जो समझौते की बात कही जा रही थी उस समझौते को लेकर किन्नर समाज ने असहमति जताई है।

किन्नर समाज का कहना है कि उनका नेक और समय निर्धारित करना परंपरागत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस मामले में केंद्र सरकार कोई कानून बनाती है तो वह उसकी पालना करेंगे। किन्नर समाज को लेकर समय-समय पर खड़े हो रहे विवाद पर उन्होंने कहा कि जो किन्नर गलत कर रहे हैं उन पर कार्रवाई हो इसमें उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। यह बात इसलिए सामने आई है क्योंकि गत दिनों नई शुरुआत का हवाला देकर यह बताया गया था कि शहर में मांगलिक अवसरों पर किन्नर समाज द्वारा मांगी जाने वाली बधाई राशि को लेकर लंबे समय से चल रहे गतिरोध और मनमानी की शिकायतों पर विराम लग गया है।



कोटा में किन्नर समाज के द्वारा समझौते को लेकर असहमति जताई गई है।

सर्व हिंदू समाज सोशल क्रांतिकारी महासंघ और कोटा के सात प्रमुख किन्नर क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के बीच हुई तीन घंटे की मैराथन बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए बधाई राशि और घर आने का समय सर्वसम्मति से तय कर लिया गया है। इस वार्ता की पृष्ठभूमि 10 मई को मातृशक्ति दिवस पर आयोजित सर्व हिंदू समाज महिला मंडल महासंघ सम्मेलन में बनी थी, जहाँ 500 से अधिक महिलाओं ने महासंघ के अध्यक्ष गोविंद नारायण अग्रवाल के समक्ष किन्नरों द्वारा की जाने वाली मनमानी और अत्यधिक धन की मांग का मुद्दा उठाया था। महिलाओं की पीड़ा पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल ने व्यवस्था सुधार का भरोसा दिया था। जिसके बाद किन्नर प्रमुखों ने स्वयं पहल कर अपना पक्ष रखने की इच्छा जताई थी।

इसी क्रम में महामंत्री राजाराम जैन कर्मयोगी के समन्वय से नदी पार क्षेत्र की किन्नर प्रमुख इंदु बाई के निवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महासंघ के अध्यक्ष गोविंद नारायण अग्रवाल, महामंत्री राजाराम जैन कर्म योगी रावण सरकार सहित 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और किन्नर प्रमुखों में तारा देवी, रीना दीदी, मनीषा बाई, ममता बाई, इंदु बाई एवं ज्योति बाई ने अपने शिष्यों एवं कोटा जिला कलेक्टर द्वारा अधिकृत कोटा जिला ट्रांसजेंडर आइकॉन मंगलामुखी नैना देवी किन्नर सहित शिरकत की।

गहन विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि अब से विवाह, जन्मोत्सव और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक अवसरों पर संपन्न वर्ग के लिए बधाई राशि 5,100 से अधिकतम 11,000 रुपये तथा सामान्य एवं मध्यम वर्ग के लिए 1,100 से अधिकतम 5,100 रुपये निर्धारित की गई है। यदि कोई जजमान स्वेच्छा से अधिक राशि देना चाहे तो वह स्वतंत्र है, किंतु किन्नर समाज द्वारा किसी भी प्रकार की जबरदस्ती या दबाव नहीं बनाया जाएगा। पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए यह तय हुआ कि राशि यथासंभव ऑनलाइन माध्यम से दी जाएगी। सुविधा न होने पर ही नकद भुगतान होगा। इसके अतिरिक्त, किन्नरों के घर पहुंचने का समय प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक निश्चित किया गया है। हालांकि परिवार के विशेष आमंत्रण पर वे किसी भी समय जा सकेंगे।

इसके बाद शनिवार को वहां पर मौजूद 7 किन्नर प्रमुखों में से किन्नर प्रमुख तारा देवी, रीना दीदी, मनीषा दीदी, इंदु दीदी और शेफाली दीदी ने पत्रकारों के सम्मुख मौजूद होकर इस समझौते पर असहमति जताई है। उनका कहना है कि उनसे कहा गया था कि सभी प्रशासनिक, पुलिस, न्याय विभाग और मीडिया के सम्मुख समझौता वार्ता आयोजित की जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उनसे कहा गया कि अगर वह समझौता नहीं करते हैं तो उनको किन्नर समाज से बाहर कर दिया जाएगा। किन्नर समाज प्रमुखों का कहना है कि हम अपनी प्राचीन परंपराओं के अनुसार ही अपने जजमान से नेक लेते हैं। अगर कोई जजमान सक्षम नहीं है तो हम उससे बहुत कम नेक लेकर उन्हें आशीर्वाद देते हैं। हम सुबह उठते ही सूर्य की पूजा करते हैं और उसके पश्चात अपने इलाकों में जाकर लोगों को आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में उनके घरों पर जाने का समय निर्धारित करना न्यायसंगत नहीं है।

उन्होंने कहा कि हम लोग इस समझौते की कानूनी कार्यवाही पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। मामले को लेकर सर्व हिंदू समाज सोशल क्रांतिकारी महासंघ के महामंत्री राजाराम जैन कर्म योगी मैं कहा कि समझौते को लेकर अगर किन्नर प्रमुखों में कोई असहमति है तो हम एक बार पुनः वार्ता के लिए तैयार हैं। किन्नर प्रमुखों की हर बात को महत्व दिया जाएगा। सकारात्मक वार्ता के हर संभव प्रयास होंगे। इसके बाद भी अगर असहमति रहती है तो सख्त और कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह बात सच है कि हमने जिला प्रशासन, पुलिस, मीडिया की मौजूदगी में समझौता वार्ता करने की बात कही थी। लेकिन प्रथम वार्ता में ही जब सहमति बन गई तो इस तरीके की वार्ता स्थगित कर दी गई। अगर किन्नर समाज कानूनी दस्तावेजों पर समझौता नहीं करता है तो फिर सर्व समाज आगे की कार्रवाई करेगा।

### साईबर ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। मंडाना पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी के दौरान की गई कार्यवाही में पकड़े गये दो साइबर ठगों से कैथून पुलिस टीम ने पूछताछ व मामले में अनुसंधान कर कार्यवाही करते हुए साईबर ठगी के मुख्य मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि मंडाना पुलिस टीम ने पूर्व में नाकाबंदी के दौरान साईबर ठगी के मामले में जावेद एवं मोहम्मद इरशाद को गिरफ्तार किया था, मामले में अनुसंधान कैथून थानाधिकारी मनोज सिकरवार को सौंपा गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि कैथून थानाधिकारी ने मामले में पकड़े गये आरोपी जावेद एवं मोहम्मद इरशाद से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे इन पीओएस मशीनों के जरिए साईबर फ्रॉड का पैसा किराए के खातों (म्यूल अकाउंट) में डलवाते थे और फिर एटीएम के जरिए कैश विड्रॉल करते थे। ग्रामीण एसपी ने बताया कि कैथून थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने पूरे मामले में अनुसंधान करते हुए त्वरित कार्वाई की और इन साईबर अपराधियों को म्यूल अकाउंट (किराए के बैंक खाते और डेबिट कार्ड) उपलब्ध करवाने वाले मुख्य मास्टरमाइंड झालावाड़ के कामखेडा के आफुखेड़ी निवासी शाबिद खान उर्फ शाबिर (36) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि 13 मई को मंडाना पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो पुलिस टीम ने कार में से 1,71,000 नगद, दो पेटीएम पीओएस मशीनें, 4 मोबाइल फोन और विभिन्न बैंकों के 4 डेबिट कार्ड बरामद किए गए थे। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपी नावली थाना फिरोजपुर झिरका जिला नूह हरियाणा निवासी जावेद (25) एवं मोहम्मद इरशाद (30) को गिरफ्तार किया मामले में अनुसंधान कैथून थानाधिकारी मनोज सिंह सिकरवार को सौंपी गई।

### अवैध खनन को रोकने के संबंध में समझाइश की

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण थाना क्षेत्र के दीगोद, सुल्तानपुर, बूढ़ादीत, ईटावा, खातौली थाना इलाके में अवैध खनन को रोकने के लिये पुलिस टीम ने ग्रामीणो से समझाईश कर अवैध खनन नही करने एवं उससे पर्यावरण व जैव-विविधता को होने वाले गम्भीर नुकसान के बारे में बताया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि चम्बल नदी में होने वाले अवैध खनन को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के सुपरविजन में थाना दीगोद, सुल्तानपुर, बूढ़ादीत, ईटावा, खातौली में चम्बल में होने वाले अवैध खनन की रोकथाम हेतु उनके आस-पास पडने वाले गांवों के लोगों से मिलकर उन्हें अवैध खनन को रोकने व पर्यावरण एवं जैव विविधता को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए संबंधित थानाधिकारियों द्वारा लोगों से समझाईश कर उन्हें आवश्यक जानकारी दी गई।

# दो कारों व ट्रैक्टर ट्रॉली से 37 बैग अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा बरामद किया

**■ नारकोटिक्स टीम ने दो अलग-अलग कार्यवाही की**

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम लगातार कार्यवाही को अंजाम दे रही है। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की दो अलग-अलग टीमो ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक टीम ने जंगल में मिली दो लावारिस कारों से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा के 32 बैग बरामद किये, वहीं दूसरी टीम ने कार्यवाही के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से 5 बैग डोडा चूरा के बरामद किया।

उक्त दोनों कार्यवाही केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो कोटा के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि चित्तौड़गढ़ से मारवाड़ इलाके में दो कारों में भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा सप्लाई होने वाला है। उक्त सूचना पर सीबीएन चित्तौड़गढ़ पी एण्ड आई सेल के अधिकारियों की टीम गठित की गई और टीम को मौके के लिये रवाना किया गया। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि गठित टीम ने बस्सी रोड पर पहुंचने के बाद मौके पर निगरानी रखी और गाड़ियों के आने का इंतजार किया, लगभग 3-4 घंटे इंतजार करने के बाद, जब कारें नहीं आई, तो टीम ने आस-पास के इलाके में गहन तलाशी ली तो तलाशी के दौरान टीम को जंगल में झाड़ियों के बीच एक कच्चे रास्ते पर दो वाहन लावारिस हालत में छिपे हुए मिलें। टीम ने मौके पर दोनों वाहनों की अच्छी तरह तलाशी लेने पर टीम ने दो कारों से 32 बैग अवैध डोडा-चूरा बरामद किया जिनका वजन 464.940 किलोग्राम था। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, बरामद अवैध डोडा चूरा और दोनों गाड़ियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत् जब्त कर लिया गया है। प्रकरण में आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

**पांच बैग डोडा चूरा मिला:-** नारकोटिक्स टीम ने एक अन्य कार्यवाही करते हुए पांच बैग अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जब्त किया जिसका कुल वजन 74.820 किलोग्राम था। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि गांव रिछावाड़ा से कल्याणपुरा तक अंदरूनी रोड पर बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाले ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध डोडा चूरा ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना पर सीबीएन प्रतापगढ़ सेल के अधिकारियों की एक टीम बनाई गई और टीम को मौके पर भेजा गया। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि जैसे ही टीम बताई गई जगह पर पहुँची, ड्रग तस्करों ने टीम को दूर से देख लिया और अंधेरे का फायदा उठाकर पास के जंगल वाले इलाके में भाग गए।

सीबीएन टीम मौके पर खडे ट्रैक्टर-ट्रॉली को प्रतापगढ़ ऑफिस लाई जिसके बाद ट्रैक्टर ट्रॉली की अच्छी तरह से तलाशी ली गई तो तलाशी में कुल 05 बैग अवैध डोडा चूरा मिले, जिनका वजन 74.820 किलोग्राम था, टीम ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, बरामद अवैध डोडा चूरा को ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ जब्त कर लिया गया। प्रकरण में आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

### योग शिविर कल से

**बूंदी,** (निसं)। भारत विकास परिषद (स्वामी विवेकानंद शाखा) एवं संकल्प योगशाला के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों को योग, संस्कार एवं स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले निःशुल्क ग्रीष्मकालीन योग शिविर के पोस्टर का विमोचन कलेक्टर हरफूल सिंह यादव ने किया। इस पर जिला कलेक्टर यादव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक जीवन मूल्यों का आधार भी है।


**NAME CHANGE**

I HAVE CHANGED MY OLD NAME JOEL TO JOEL MASSEY KNOWN IN FUTURE BY THIS NAME JOEL MASSEY S/O ALVERD, H.NO-56, SUNDAR NAGAR, KOTA JUNCTION, RAJ.


# दोषियों के खिलाफ कार्यवाही व सुरक्षा की मांग को लेकर रेजिडेन्ट डॉक्टर प्राचार्य से मिले

**■ अस्पताल प्रशासन ने कराया मुकदमा दर्ज**

**कोटा,** (निसं)। महाराव भीम सिंह चिकित्सालय एमबीएस में शुक्रवार को दो मरीजों की मौत के बाद रेजिडेन्ट डॉक्टर से मारपीट के मामले में रेजिडेन्ट डॉक्टरों ने शनिवार को मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मामले में दोषियों के खिलाफ कार्यवाही व डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य से वार्ता कर उन्हे अपनी मांगो का ज्ञापन सौपा। वहीं इस मामले में एमबीएस अस्पताल प्रशासन की और से नयापुरा थाने में रिपोर्ट दी गई। जिस पर नयापुरा थाना पुलिस ने मृतकों के परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने राजकार्य में बाधा सार्वजनिक सम्पति को नुकसान एवं मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। नयापुरा थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि शुक्रवार को हुये घटनाक्रम के संबंध में एमबीएस अस्पताल अधीक्षक ने शनिवार को रिपोर्ट दी। जिस पर तत्काल मृतक मदनलाल व कृष्णा के परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार रेजिडेन्ट डॉक्टर एसोसिऐशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में काफी संख्या में रेजिडेन्ट डॉक्टर मेडिकल कॉलेज पहुंचे और मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ.निलेश जैन के चैम्बर के बाहर एकत्र हो गये। रेजिडेन्ट डॉक्टर एसोसिऐशन के अध्यक्ष डॉक्टर हेमंत शर्मा ने कहा कि रेजिडेन्ट डॉक्टर से शुक्रवार को हुई मारपीट के मामले में प्राचार्य से बात कर मामले में मारपीट करने वाले दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करवाने, साथ ही अस्पताल में डॉक्टरो की सुरक्षा की व्यवस्था के बंदोबस्त करने की मांग की गई।

उन्होंने कहा कि मांगों में हर वार्ड में सिक्योरिटी गार्ड तैनात किया जाने, अस्पताल के हर वार्ड में सीसीटीवी कैमरे हो जहां लगे है उन्हे दुरूस्त किया जाऐ और जहां नही लगे वहां सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने, एवं आपतकालिन, आईसीयू जैसे वार्डों में सुरक्षा को लेकर होमगार्ड लगाये जाने की मांग रखी, जिसमें मांगो पर सकरात्मक वार्ता हुई जिसके बाद फिलहाल रेजिडेन्ट डॉक्टरो ने काम करने का फैसला लिया है। ज्ञात रहे कि शुक्रवार को एमबीएस अस्पताल में उपचार के दौरान दो मरीजो की मौत के बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और रेजिडेन्ट डॉक्टर से हाथापाई तक नौबत ला दी। इस मामले में हंगामा बढने पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी समझाइश के बाद मामले को शांत किया गया था।


संख्यांक-4

D.No.279 16.05.2026 **संक्षिप्त वाद का सम्मन** (आदेश 37 नियम 2)

**यूको बैंक V/s मैसर्स लक्ष्य प्रिन्टर्स**

वादी प्रतिवादी

दिवानी वाद सं. 17/2021 पेशी-27/05/2026

प्रेषित:- मैसर्स लक्ष्य प्रिन्टर्स एडवरटाइजिंग, गौतम मेडिकल के पास, गोकुल होटल के सामने, खाई रोड, नयापुरा, कोटा, जरिये प्रो. राकेश राठौड़ पुत्र बद्रीलाल

वादी ने सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के आदेश 37 के अधीन आपके विरुद्ध 7,61,462.75 रूपये और ब्याज के लिए वाद संस्थित किया है। आपको सम्मन दिया जाता हैं कि आप इस सम्मन की तामील होने की तारीख से दस दिन के भीतर उपसंजात (हाजिर) हो। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो 10 दिन की अवधि बीत जाने के पश्चात वादी को राशि 7,61,462.75 रूपये से अधिक राशि के लिए और खर्चो के बाबत 7,61,462.75 रू. व ब्याज की राशि के लिए ऐसे ब्याज सहित, यदि कोई हो, जैसा न्यायालय आदिष्ट करे, डिक्री अभिप्राप्त करने का हक होगा।

यदि आप शपथ पत्र द्वारा या अन्यथा न्यायालय का यह समाधान कर देते हैं कि वाद की प्रतिरक्षा गुणागुण (मेरिट) के आधार पर की जा सकती है या युक्तियुक्त है कि आपके प्रतिरक्षा करने के लिए अनुज्ञा दी जानी चाहिए तो प्रतिरक्षा करने की इजाजत दी जा सकेगी है।

यह आज तारीख 16.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया जाता है।

(मोहर) न्यायाधीश
अपर जिला न्यायाधीश क्रम-4, कोटा (राज.)


# पांच दिवसीय राज्य सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। जिला शतरंज संघ कोटा के तत्वावधान में 16 से 20 मई तक पांच दिवसीय राज्य सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ थेगड़ा स्थित राधिका रिसोर्ट में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान के फाउंडर, इन्वेस्ट पंकज लड्ढा के द्वारा उद्घाटन किया गया एवं राज्य शतरंज संघ के सचिव विनेश शर्मा के द्वारा खेल का शुभारंभ करवाया गया।





जिला शतरंज संघ कोटा के तत्वावधान में 16 से 20 मई तक पांच दिवसीय राज्य सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

जिला शतरंज संघ कोटा के अध्यक्ष प्रेम भाटिया एवं कोषाध्यक्ष ईश्वर शर्मा ने बताया कि राज्य की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों के लगभग 250 श्रेष्ठ खिलाड़ी शतरंज की बिसात पर अपने कौशल और रणनीति का प्रदर्शन करने के लिए पहुंचे है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से राजस्थान राज्य टीम का चयन किया जाएगा प्रतियोगिता में शीर्ष चार स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक उदयपुर के अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर निलेश कुमावत ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए 224 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से राजस्थान राज्य टीम का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में शीर्ष चार स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में कुल एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। मीडिया सचिव मोहम्मद कासिम ने बताया कि पहले राउंड में वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने मुकाबले आसानी से जीत लिए। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोटा के अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी एवं पूर्व राजस्थान सीनियर चैंपियन प्रवीण सक्सेना ने अंशुमान याग्निक को हराया। अजमेर के मानव कुमार ने भरतपुर के अनुभव सेन को पराजित किया, जबकि अजमेर के हार्दिक शाह ने कोटा के अरनव शर्मा को शिकस्त दी। उदयपुर के प्रणय चोरड़िया ने अर्पित सुमन को हराकर एक अंक अर्जित किया।

अन्य मुकाबलों में अमित कुमार डाड, काव्यांश जैन, देवेंद्र कुमार, शेर सिंह, अरनव गुप्ता, राजेंद्र तेली, भव्य कुमार मूलचंदानी, विभोर चोपड़ा, पी.आर. हर्ष, रुद्र कविया, दर्श पाराशर, टी. दिव्यांशु बाबेल, विक्रमादित्य मुखीजा, हर्षवर्धन सिंह परिहार, मिलिंद गावड़े, गौरव कुमार शर्मा, आराध्य उपाध्याय, मुकेश मंडलोई, अक्षत कुमार लखेरा, वैभव चाहर, अभिवादन भादुका, सौम्य अग्रवाल,यशस्वी जैसवाल, मोहम्मद अमीन खान, अशोक कुमार बाथम, लोकेश जांगिड़, इशीत खेरा, व्यांश भटनागर, श्री वल्लभ ओझा, महेंद्र सिंह उम्मत, विष्णु शर्मा, आरुष माथुर, रोनित दूसेजा, आरुष जैन, अरनव सुरैया, राघव कुमार, सात्विक मताई, सूफी अली, शिवांगी राठौर, सूफियान अली, सार्थक महाजन, हितार्थ शर्मा, विश्वास जोशी, मनोज जी वर्गीस, मानवेंद्र सुमन शर्मा, घृताशी लालवानी, अंशित डाड, अखिलेश जाकर, शुभम सैनी, आदित्य वासवानी, सुधाकर, अनन्य सांखला, नील मेधा और दिव्यांशु माथुर ने अपने-अपने मैच जीतकर पूरा अंक हासिल किया। आयोजन सचिव मुकेश मंडलोई ने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक उदयपुर के अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर निलेश कुमावत हैं। सह-निर्णायकों में जयपुर के फिडे आर्बिटर जयेंद्र चतुर्वेदी, हनुमानगढ़ के फिडे आर्बिटर कुलदीप चौहान, जयपुर के सीनियर नेशनल आर्बिटर महेंद्र लखयानी तथा भीलवाड़ा के सीनियर नेशनल आर्बिटर कैलाश डाड को नियुक्त किया।

### यात्री महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरुक किया

**कोटा,** (निसं)। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर राजकीय रेलवे पुलिस एवं महिला अधिकारिता विभाग की महिला संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में महिला यात्री सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

अभियान में राजकीय रेलवे पुलिस थाना के सी.आई. गुलज़ारी लाल, एस.आई. हज़ारी लाल एवं हेड कांस्टेबल योगिता सहित महिला अधिकारिता विभाग की परामर्शदाता प्रत्यंचा पॉवर एवं शालिनी प्रजापति ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि रेलवे परिसर में महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रेल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसी उद्देश्य से राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसे जागरूकता अभियान आयोजित किए जाते हैं।


**खोया पाया**

मैं, कंचन सोनी पुत्री/पुत्री श्री उधव लाल सोनी, निवासी 5-L-4, तलवंडी, कोटा, राजस्थान, यह घोषित करती हूँ कि मेरे मूल संपत्ति दस्तावेज खो गए हैं। ये दस्तावेज उस समय गुम हो गए जब मैं तलवंडी सर्किल, कोटा, राजस्थान के पास स्थित एक ज़ेरॉक्स दुकान पर जा रही थी। गुम हुए दस्तावेज निम्नलिखित हैं: निरस्तीकरण (Cancellation) / निरस्तीकरण पत्र) अनुग्या पत्र यदि किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज प्राप्त हों, तो कृपया मुझे लौटाने का कष्ट करें।

**खोया पाया**

मधु जैन पत्नी निर्मल कुमार जैन 1-i-28 तलवंडी कोटा का आवंटन पत्र कब्जा पत्र अनुज्ञा पत्र इन्वेंटरी डिक्लेरेशन व अदेय प्रमाण पत्रप्रमाण पत्र गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

**खोया पाया**

ज्योति जैन पत्नी लक्ष्मीकांत जैन 1-i-27 तलवंडी कोटा का आवंटन पत्र कब्जा पत्र अनुज्ञा पत्र इन्वेंटरी डिक्लेरेशन व अदेय प्रमाण पत्र गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ 11 विक्रय/2026/244 दिनांक : 15.5.26

**नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 175 श्रीनाथपुरम-ई आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 86 दिनांक 13.09.1999 को श्री रूपनारायण सोनी पुत्र श्री बाबू लाल सोनी के नाम आवंटन किया गया था। श्री रूपनारायण सोनी पुत्र श्री बाबू लाल सोनी द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री नागेश गुप्ता पुत्र श्री कैलाश चंद गुप्ता द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 04.04.2023 को श्रीमती संतोष पत्नी श्री कैलाश चंद गुप्ता को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती संतोष पत्नी श्री कैलाश चंद गुप्ता द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 175 श्रीनाथपुरम-ई आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती संतोष पत्नी श्री कैलाश चंद गुप्ता के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

